an>

Title: Need to rejuvenate the Yamuna river.

श्री महेश गिरी (पूर्वी दिल्ली) : माननीय उपाध्यक्ष महोदय, आज मैं भारत की एक प्रमुख नदी यमुना के विषय में बोलने के लिए खड़ा हुआ हूँ। जैसे गंगा एक प्रमुख नदी है, उसी प्रकार से यमुना भी एक प्रमुख नदी है। इस देश में नदियों को माँ का दर्जा दिया गया है। आज जब यमुना को देखते हैं, तो उसका बहुत बुरा हाल है। भारत के बहुत बड़े साधु समाज इसके लिए आंदोलन करते हैं, इसमें तीर्थ-स्नान करते हैं, चरणामृत लेते हैं, पर जहाँ पर यह प्राणदायिनी और जीवनदायिनी है, जिस प्रकार का हाल है, मैंने स्वयं यमुना के लिए एक बहुत बड़ा आंदोलन छेड़ा था, मीडिया ने भी कई कैंपेन चलाये हैं, पर आज सुप्रीम कोर्ट तक ने यह कह दिया है कि यह एक गंदा नाला है। इसके लिए मैं निवेदन करना चाहूंगा कि जैसे 'नमामि गंगे' योजना शुरू किया गया है, उसी तरह से नमामि 'यमुने योजना' भी शुरू किया जाए। यदि गंगा नहीं बचेगी, तो देश नहीं बचेगा और यमुना नहीं बचेगी, तो दिल्ली भी नहीं बचेगी। इसलिए मैं आग्रह करूँगा कि यमुना का पुनर्जीवन हो।

माननीय उपाध्यक्ष : श्री भगवंत मान - उपस्थित नहीं।